PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Business Bhaskar, Faridabad**
**Tuesday 28th January 2014, Page: 5**
**Width: 7.70 cms, Height: 6.97 cms, a4, Ref: pmin.2014-01-28.52.66**

# अजंता फार्मा का लाभ 92 फीसदी बढ़ा

प्रेट्र ▶ **नई दिल्ली...** घरेलू व उभरते हुए बाजारों में शानदार बिक्री के चलते 31 दिसंबर, 2013 को समाप्त तिमाही के दौरान दवा कंपनी अजंता फार्मा का शुद्ध मुनाफा वित्त वर्ष 2012-13 की समान तिमाही की तुलना में 91.64 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 62.42 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। अक्टूबर-दिसंबर, 2012 की तिमाही के दौरान कंपनी ने 32.57 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। वित्त वर्ष 2013-14 की तीसरी तिमाही के दौरान कंपनी की शुद्ध बिक्री भी बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही की 225.68 करोड़ रुपये से बढ़कर 292.59 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। दिसंबर, 2013 की तिमाही के दौरान कंपनी की घरेलू बिक्री से होने वाली आय 38 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 98 करोड़ रुपये पर और निर्यात से होने वाली आय 26 फीसदी बढ़कर 195 करोड़ रुपये पर रही। बीएसई पर सोमवार को कंपनी के शेयर का भाव 3.28 फीसदी की गिरावट के साथ 904.65 रुपये पर बंद हुआ। बाजार बंद होते समय कंपनी का पूंजीकरण 3,178 करोड़ रुपये पर दर्ज किया गया।

10

5